अग्रवाल महाविद्यालय में यूवा रैड़ क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक यूवा रैड़ क्रॉस और इण्डियन रैड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के दिशा निर्देशानुसार अग्रवाल महाविद्यालय में 08 अप्रैल से 12 अप्रैल 2019 तक पाँच दिवसीय जिला स्तरीय यूवा रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ हुआ। इस शिविर में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़, पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान व जिले के अन्य महाविद्यालय भाग ले रहे हैं। इस शिविर के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विकास कुमार सचिव, जिला रैड़ क्रॉस फरीदाबाद व अध्यक्षता डॉ. कृष्णकान्त, प्राचार्य, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने किया। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों हेनरी ड्यूनांट के जीवन पर प्रकाश डालते हुए को समय के मूल्य के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की अगर आप सफलता को प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको अपने समय को अपने कार्यों के अनुसार बांटना होगा व सफलता के लिए विचारों में शुद्धता होनी चाहिए और बताया जो अपने माता–पिता का आदर करता है भगवान उसको सफलता प्रदान करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के भाव से ओत–प्रोत रहने और समाज उत्थान में अपना योगदान देने को भी प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को बताया की मनुष्य को प्राप्त अवसरों में सर्वश्रेष्ठ सेवा का अवसर होता है। इसलिए स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रैड़ क्रॉस के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने महाविद्यालय की यूथ रैड़ क्रॉस रिपोर्ट पढ़ी व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन भी किया। इस अवसर पर श्री बी.बी. कथूरिया, जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री इशांक कौशिक, श्री दर्शन भाटिया (प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक), सरदार रतन सिंह आज़ाद (प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक), अग्रवाल महाविद्यालय के यूवा रैड़ क्रॉस शिविर के समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह व काउंसलर डॉ. सुभाष, श्री लवकेश व राजकीय नेहरू महाविद्यालय फरीदाबाद के समन्वयक श्री राकेश पाठक और खेड़ी गुजरान राजकीय महाविद्यालय के समन्वयक श्री बिजेन्द्र मौजूद रहे।